

महाशिवरात्रि

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सभी शिवभक्तों को 'उल्हास विकास' परिवार की ओर से हार्दिक बधाई... बुधवार को कार्यालय में अवकाश रहेगा, जिसके कारण गुरुवार का अंक प्रकाशित नहीं होगा. पाठकों की असुविधा के लिए खेद है.

–संपादक


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 299 ■ बुधवार, 26 फरवरी 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com


# शहर की खुदाई ने ली 2 की जान

## हिराघाट परिसर के गड्ढे में गिरे डॉक्टर की मौत

## उल्हासनगर-5 के गड्ढे में युवक की गई जान

- शहर की हर प्रमुख सड़क गड्ढे में
- जगह-जगह यातायात जाम
- ईगल ठेकेदार द्वारा नियमानुसार कार्य नहीं
- भुयारी गटर लाइन बिछाने का कार्य शहरभर में जारी
- ठेकेदार व मनपा प्रशासन पर मामला दर्ज हो

### कैम्प-5, जय जनता कालोनी की घटना





उल्हासनगर-5 स्थित जय जनता कालोनी में एक नाले निर्माण का कार्य चल रहा है जहां ठेकेदार ने मिट्टी पास में रख दी थी जिस कारण लोगों को उस मिट्टी के ढेर से आने जाने में परेशानी हो रही थी ऐसे में सोमवार को 32 वर्षीय लहू पवार वहां से गुजर रहा था कि फिसलकर नाले में गिरकर उसकी मौत हो गई। इस घटना से परिसर के निवासियों में रोष का माहौल है और उन्होंने संबंधित ठेकेदार व मनपा प्रशासन पर कारवाई की मांग की है।


**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर में भुयारी गटर की पाइप लाइन डालने का कार्य एक बड़ी त्रासदी बनकर सामने आया है। इस त्रासदी में पिछले दो दिनों में दो युवकों की जान गई है। रविवार को उल्हासनगर-3 स्थित हिराघाट परिसर से दुपहिया से जा रहे सेंट्रल अस्पताल में कार्यरत स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. हनुमंत डोईफोड़े की गड्ढे में गिरकर मृत्यु हो गई वहीं सोमवार को दोपहर ढाई बजे उल्हासनगर-5 स्थित जय जनता कालोनी परिसर निवासी 32 वर्षीय युवक की भी गड्ढे में गिरकर मौत हुई है।

इन दोनों युवाओं की मौत के जिम्मेदार निजी ठेकेदार व मनपा प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है ताकि भविष्य में इस तरह के हादसे न हो। वहीं उल्हासनगर-4 स्थित भक्ति अपार्टमेंट के पास चार पहिया वाहन पर एक पेड़ गिर गया जिससे कार का नुकसान हुआ है.

यह दुर्घटना सीसीटीवी में कैद यह घटना भी सड़क खुदाई के कारण ही हुई है। ऐसी पिछले कुछ महीनों से कई दुर्घटनाएं आए दिन हो रही जिसमें लोग घायल होकर अस्पताल भी पहुंच रहे हैं।

### सेंट्रल अस्पताल के डॉक्टर की मौत






**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका की लापरवाही के कारण बाइक गड्ढे में स्लिप होने से एक युवा डॉक्टर की मौत हो गई। मृतक डॉक्टर का नाम हनुमंत डोईफोडे है। वह सेंट्रल अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ के पद पर कार्यरत थे। मनपा के खिलाफ गुस्सा जाहिर किया जा रहा है क्योंकि डॉक्टर की मौत सड़क पर गड्ढे के कारण हुई और मौत के लिए मनपा जिम्मेदार है।

डॉ. हनुमंत डोईफोड़े उल्हासनगर के सेंट्रल अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ के रूप में कार्यरत थे। अस्पताल के प्रसूति वार्ड में उनका काम अच्छी तरह से चल रहा था. अस्पताल से कल्याण के कोलसेवाड़ी स्थित घर लौटते समय उल्हासनगर कैंप 3 में हीराघाट रोड पर मनपा के लापरवाही भरे काम के कारण बने गड्ढे में फिसलकर डॉ. डोईफोड़े गिर गए। जब डोइफोडे नीचे गिरे तो उसके सिर और फेफड़ों में गंभीर चोटें आईं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

अस्पताल के डॉक्टरों ने आरोप लगाया है कि यह मौत मनपा की लापरवाही के कारण हुई। डॉ। हनुमंत डोईफोडे के परिवार में माता-पिता, पत्नी और छह महीने की बेटी हैं। उनका पार्थिव शरीर बीड जिले के केज ले जाया गया है, जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। इस बीच आरोप लगाया जा रहा है कि डॉ. डोईफोड़े की मौत मनपा की लापरवाही के कारण हुई।

# शिवमंदिर में लाखों भक्तों कचरे के ढेर से आएंगे



- नपा ठेकेदार, मजदूरों के बीच वार्ता असफल
- अधिकारी एसी में बैठकर प्लान बनाते रह गए
- 4 दिनों से सफाई कर्मियों की हड़ताल जारी

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में जगह-जगह कचरे का पहाड़ दिखाई दे रहा है. मंगलवार शाम तक घंटा गाड़ी मजदूर काम पर वापस नहीं लौटे हैं. बुधवार को ऐतिहासिक शिवमंदिर की यात्रा शुरू है. इस यात्रा में आनेवाले लाखों भक्तों का अंबरनाथ नपा प्रशासन कचरे के साथ स्वागत करने को तैयार है. मुख्याधिकारी, प्रशासक एवं अधिकारी एसी में बैठकर शिवमंदिर यात्रा के बारे में चर्चा कर रहे हैं, लेकिन कोई भी प्रत्यक्ष फील्ड में उतर कर ये नहीं देख रहा है कि शहर की हालत क्या है? नपा प्रशासन चाहे तो पुलिस का सहारा लेकर कुछ ही घंटों में कचरा उठा सकता है, लेकिन उनको कोई चिंता ही नहीं है. सभी पक्ष के नेता भी चुप हैं. केवल मनसे ने कहा है कि कचरा उठाया नहीं गया तो नपा के आंगन में कचरा फेकेंगे. केवल ये धमकी दी गई है. विधायक किणीकर, अरविंद वालेकर, सदाशिव पाटिल, प्रदीप पाटिल सभी नेता चुप करके बैठे हैं. ठेकेदार के व्यवस्थापक मोहन पाटिल ने मजदूरों के साथ कई बैठकें की हैं, लेकिन मजदूर पूरा वेतन मांग रहे हैं. नपा ठेकेदार को सात महिने का सात करोड़ रुपया बकाया नहीं दिया है. समीक्षा ठेकेदार मजदूरों को वेतन कहां से देगा. अंबरनाथ स्टेशन के मुख्य चौक जहां से लाखों भक्त शिवमंदिर जाने आने वाले हैं, अब वह कचरे के पहाड़ पर से होकर शिवमंदिर तक जाएंगे. मजदूर पूरे 3 महिने का वेतन मांग रहे हैं. वह किसी दूसरे मजदूर को कचरा भी नहीं उठाने दे रहे हैं. इन सब का जिम्मेदार नपा प्रशासन है. मजदूर रोष में हैं.

खबर लिखे जाने तक कचरा नहीं उठाया गया है. देखना है मंगलवार रात में शहर का कचरा उठाया जाता है या नहीं. वरना ये कहा जा सकता है कि अंबरनाथ नगर परिषद कचरे के साथ भक्तों का हार्दिक स्वागत करेगा.

# अंबरनाथ, उल्हासनगर, बदलापुर में शुक्रवार को पानी रहेगा बंद

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ, उल्हासनगर, बदलापुर औद्योगिक क्षेत्र में गुरुवार रात से शुक्रवार रात पानी नहीं मिलेगा. महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडल ने पानी 24 घंटे बंद रखने की सूचना को जारी किया है. एमआईडीसी के जांभुल जलशुद्धीकरण केंद्र में बारवी गुरुत्ववाहिनी की देखभाल के लिए दुरुस्ती का कार्य हाथ में लिया गया है. इसलिए गुरुवार 27 फरवरी रात 12 बजे से शुक्रवार 28 फरवरी रात 12 बजे तक 24 घंटे जलापूर्ति बंद रहेगी.

अंबरनाथ, अतिरिक्त अंबरनाथ, बदलापुर औद्योगिक क्षेत्र, उल्हासनगर महानगरपालिका, अंबरनाथ नगर परिषद एवं महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण परिसर के ग्राम पंचायत और नागरी बस्तियों में जांभुल जलशुद्घीकरण केंद्र से होने वाली जलापूर्ति 24 घंटे तक बंद रहेगी. उसके बाद कुछ घंटों तक जलापूर्ति कम दबाव से शुरू रेगी. ऐसी जानकारी एमआईडीसी स्थापत्या विभाग के कार्यकारी अभियंता ने जारी किया है. 24 फरवरी को ये सूचना जारी की गई है. लोगों से आह्वान किया जाता है कि वह पानी का इस्तेमाल कम से कम करें और पानी भर कर रखें.

# उल्हासनगर में मात्र 35% हुआ भूमिगत सीवरेज का काम

- क्या साल भर चलता रहेगा सड़क खुदाई का काम?
- ठेकेदारों को नोटिस

**उल्हासनगर.** मनपा क्षेत्र में 426 करोड़ रुपये की लागत से चल रहे भूमिगत सीवरेज प्रोजेक्ट का काम 35 प्रतिशत पूरा हो चुका है और ठेकेदार को 97 करोड़ रुपये का बिल दिया जा चुका है। चूंकि भूमिगत सीवर और जलापूर्ति वितरण योजना को पूरा होने में एक वर्ष से अधिक समय लगेगा, इसलिए सड़क खुदाई का काम जारी रहेगा।

पिछले दो वर्षों में उल्हासनगर महानगरपालिका की सीमा में 426 करोड़ रुपये की निधि से भूमिगत जल निकासी योजना, 110 करोड़ रुपये की निधि से जलापूर्ति और वितरण योजना के दूसरे चरण का काम और 150 करोड़ रुपये की निधि से एमएमआरडीए के तहत कुल 7 मुख्य सड़कों का काम चल रहा है। इसके अलावा, मनपा निधि और राज्य सरकार की विशेष सुविधा निधि से विभिन्न विकास कार्य चल रहे हैं और इस कार्य के लिए सड़कें खोदी जा रही हैं। खोदी गई सड़कें शहर में कीचड़ और धूल का साम्राज्य पैदा करेंगी, जिससे यातायात जाम की समस्या पैदा होगी। धूल ने नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए भी खतरा पैदा कर दिया है। मनपा आयुक्त ने विकास कार्यों का निरीक्षण किया तथा अधूरे कार्यों के लिए ठेकेदारों को नोटिस जारी किए हैं। मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले के आक्रामक रुख से ठेकेदारों में नाराजगी है। पिछले कुछ वर्षों के कार्यों की रिपोर्ट ई-प्रणाली से भेजने के आदेश से भी अफसरों में नाराजगी है। आयुक्त आव्हाले डंपिंग ग्राउंड, गहन सफाई का आयोजन, मनपा प्रशासन को डिजिटल बनाने आदि पर अपने काम के कारण चर्चा में आई हैं और उन्होंने राज्य सरकार से एक सरकारी अधिकारी नियुक्त करने की मांग की है।

## तीन छात्राओं से छेड़छाड़ के आरोप में एक गिरफ्तार

**उल्हासनगर.** विट्ठलवाड़ी पुलिस ने स्कूल जाने वाले तीन नाबालिग छात्राओं से छेड़छाड़ और उनका पीछा करने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। दिलचस्प बात यह है कि गिरफ्तार आरोपी पहले ही एक गंभीर अपराध से रिहा हुआ है। इस घटना से क्षेत्र में भय का माहौल बन गया है तथा अभिभावकों में भारी रोष व्याप्त है।

उल्हासनगर कैंप क्रमांक 4 इलाके में तीन छात्राएं स्कूल जाने के लिए रिक्शा का इंतजार कर रही थीं। उसी समय सुमित पाटिल नामक युवक चुपके से अपने मोबाइल फोन से उनकी तस्वीरें ले रहा था। जैसे ही लड़कियों को इसका एहसास हुआ, उन्होंने सीधे घर जाने का फैसला किया। हालाँकि, युवक यहीं नहीं रुका। वह सीधे उनके घर पीछा किया. डरी हुई लड़कियां घर पहुंचते ही जोर-जोर से चिल्लाने लगीं। आवाज सुनकर आरोपी डर गया और वहां से भाग गया। हालांकि, लड़कियों के माता-पिता ने घटना को गंभीरता से लिया और तुरंत विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तुरंत जांच कर आरोपी सुमित पाटिल को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार सुमित पाटिल टिटवाला का निवासी है और उसके खिलाफ पहले भी गंभीर अपराध दर्ज हैं। उल्लेखनीय है कि उस पर भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या का प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने बताया कि वह हाल ही में जेल से रिहा हुआ था।

# भोंगामुक्त महाशिवरात्रि के लिए पुलिस तैयार

## हीराली फाउंडेशन की ध्वनि प्रदूषण करने वालों पर नज़र



**उल्हासनगर.** पिछले पांच वर्षों से हीराली फाउंडेशन उल्हासनगर शहर में पिपानी और भोंगामुक्त महाशिवरात्रि अभियान चला रहा है। इस वर्ष भी महानगर पालिका और पुलिस विभाग ने कमर कस ली है तथा पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे ने घोषणा की है कि पिपानी व भोंगा बजाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उल्हासनगर शहर में महाशिवरात्रि के अवसर पर दो स्थानों पर मेले का आयोजन किया जाता है। इन मेलों में बड़ी संख्या में युवा लोग कानफोड़ ध्वनि के साथ भोंगा और पिपानी बजाते हैं। इस शोर के कारण अक्सर मेलों में झगड़े हो जाते हैं।

हीराली फाउंडेशन की शिकायत के बाद प्रशासन ने भोंगा और पिपानी मुक्त मेला आयोजित करने का भी निर्णय लिया था। यह पहल पिछले पांच वर्षों से शुरू की गई है और हर महाशिवरात्रि मेले में महानगर पालिका और पुलिस विभाग मिलकर हजारों भोंगे जब्त करते हैं। पिछले पांच वर्षों में सेंट्रल, विट्ठलवाड़ी और हिललाइन पुलिस ने युवाओं से हजारों भोंगे और पिपानी जब्त किए थे. पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे ने कहा कि इस वर्ष पुलिस के साथ मनपा की टीमें तैनात करने के लिए मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले से चर्चा की गई है।

> जब पिपानी की ध्वनि क्षमता मापी गई तो वह 110 से 130 डेसिबल पाई गई। इसलिए पुलिस प्रशासन से प्लास्टिक के पिपानी पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई। उन्हें सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। भोंगे और पिपानी से होने वाले ध्वनि प्रदूषण और मनुष्यों पर इसके प्रभाव पर एक वीडियो पहले ही प्रकाशित किया जा चुका है। इससे निश्चित रूप से लाभ हो रहा है।
>
> **– सरिता खानचंदानी,** हीराली फाउंडेशन

### विधायक गणपत गायकवाड़ गोलीकांड मामला:

# वैभव गायकवाड़ का नाम चार्जशीट से हटा

**कल्याण.** पूर्व भाजपा विधायक गणपत गायकवाड़ की गोली मारकर हत्या के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। इस मामले में गायकवाड़ के बेटे वैभव गायकवाड़ को क्लीन चिट दे दी गई है। उल्हासनगर अदालत में एक पूरक आरोप पत्र दायर किया गया है। इसमें केवल दो आरोपी शामिल हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया है कि वैभव के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं मिला है।



एक साल पहले, तत्कालीन भाजपा विधायक गणपत गायकवाड़ ने उल्हासनगर के हिललाइन पुलिस स्टेशन में एक वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक के केबिन में शिवसेना शिंदे गुट के तत्कालीन शहर प्रमुख महेश गायकवाड़ पर गोलियां चलाई थीं। यह पूरी घटना जमीन विवाद के कारण घटी। एक विधायक द्वारा पुलिस स्टेशन में की गई गोलीबारी ने पूरे महाराष्ट्र को झकझोर कर रख दिया।

इस मामले में गणपत गायकवाड़ जेल में हैं। पुलिस ने उसके साथ कुछ अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया था। इस मामले में विधायक के बेटे वैभव गायकवाड़ का नाम भी शुरू में आरोपी के रूप में शामिल किया गया था। हालाँकि, इस मामले में पूरक आरोप पत्र हाल ही में उल्हासनगर अदालत में पेश किया गया था, और यह बात सामने आई है कि वैभव गायकवाड़ का नाम उसमें शामिल नहीं है। इसमें केवल दो आरोपी शामिल हैं। उनके नाम नागेश बड़ेराव और कुणाल पाटिल हैं। जैसा कि आरोपपत्र में कहा गया है, यह स्पष्ट किया गया है कि वैभव गायकवाड़ के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं मिला है और इस अपराध में उनकी कोई संलिप्तता नहीं है। विदित हो कि वैभव गायकवाड़ अभी भी फरार है और उसकी तलाश जारी है।

इस बारे में पूछे जाने पर पुलिस ने कहा कि वैभव गायकवाड़ की गोलीबारी में संलिप्तता साबित करने के लिए कोई ठोस सबूत नहीं मिला है। इतना ही नहीं सीसीटीवी से पता चलता है कि वे गोलीबारी से पहले ही पुलिस स्टेशन से निकल चुके थे। पुलिस सूत्रों ने बताया है कि इसलिए उनका नाम आरोपपत्र से बाहर कर दिया गया है।




**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास – मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगढ़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## जानलेवा जाम, लोगों का बुरा हाल

इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि जनता की सुविधा के नाम पर जो व्यवस्था की जाए, वही किसी के लिए जानलेवा साबित हो जाए। अगर कहीं ऐसा होता है तो यह सरकारी इंतजामों और उससे जुड़े अधिकारियों की अदूरदर्शिता और लापरवाही का ही उदाहरण होगा, जिसकी वजह से किसी ऐसे मरीज की जान चली जाती है, जिसे थोड़ी सजगता से बचाया जा सकता था? गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्रद्धालुओं की भीड़ और जाम के मद्देनजर प्रशासन ने जो अवरोधक खड़े किए थे, उसके पीछे मकसद भीड़ को नियंत्रित करना बताया गया था।

मगर इस इंतजाम के पीछे अदूरदर्शिता और प्रशासनिक संवेदनहीनता तब सामने आई, जब एक स्थानीय भाजपा नेता की तबीयत ज्यादा खराब हो गई और सड़क पर लगे अवरोधक की वजह से उनकी गाड़ी समय रहते आगे नहीं बढ़ पाई। खबरों के मुताबिक, भाजपा नेता के परिवार के लोगों ने वहां मौजूद पुलिस अधिकारियों से अवरोधक खुलवाने की गुहार लगाई, उच्च स्तर के अधिकारियों को भी फोन किया, लेकिन रास्ता नहीं खुल सका। सवा घंटे बाद जब अवरोधक हटाया गया, तब आगे भी यही हालत होने की वजह से गाड़ी समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाई और आखिरकार उनकी मौत हो गई।

### आपात स्थिति में होते है हालात बदतर

यानी भीड़ और जाम से निपटने के लिए व्यवस्था बनाने के नाम पर जिस तरह सड़क को बाधित किया गया था, उसमें आपात अवस्था में पहुंचे किसी मरीज को भी आगे निकलने देने का खयाल नहीं रखा गया। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को आपात अवस्था में पहुंचे किसी मरीज की नाजुक हालत देखने के बावजूद कोई विशेष इंतजाम करना जरूरी नहीं लगा। क्या यह लापरवाही के साथ-साथ संवेदनहीनता का परिचायक नहीं है? यह अकेले अयोध्या का मामला नहीं है।

देश के अलग-अलग हिस्सों से सड़कों पर लगने वाले जाम की वजह से लोगों और खासकर बीमार लोगों को होने वाली असुविधाएं कोई छिपी हकीकत नहीं है। अफसोसनाक यह है कि न केवल जाम, बल्कि इस समस्या से पार पाने के लिए पुलिस की ओर से जो इंतजाम किए जाते हैं, वे भी कई बार आपात अवस्था में किसी बीमार या जरूरतमंद लोगों की मदद नहीं कर पाते हैं।

# आत्मनिर्भर महाशक्ति बनने के लिए उठाने होंगे बड़े कदम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल की अमेरिका यात्रा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सबसे उन्नत लड़ाकू विमान एफ-35 की भारत को बिक्री की पेशकश की। इसके बाद से देश में बहस छिड़ी हुई है कि भारत को ये विमान खरीदने चाहिए या नहीं।

इसका एक कारण यह है कि अमेरिका की तरह रूस ने भी भारत को अपने सबसे उन्नत लड़ाकू विमान सुखोई-57 को बेचने का प्रस्ताव दिया है। इस प्रस्ताव में सुखोई-57 का भारत में रूस द्वारा निर्माण और उसके कलपुर्जों के निर्माण का काम भारतीय कंपनियों को दिया जाना भी शामिल है।

रूस इस सौदे में भारत को पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान की तकनीक भी हस्तांतरित करने को तैयार हो सकता है, जिसमें फाइटर जेट इंजन निर्माण से लेकर रडार तकनीकी भी शामिल होगी। विडंबना यह है कि भारत में बहस इस पर केंद्रित रहती है कि किस देश से कौन सा हथियार खरीदा जाए।

जहां हम इस प्रश्न को लेकर उलझे हैं कि पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान अमेरिका से खरीदे जाएं या रूस से, वहीं चीन ने छठी पीढ़ी के स्वनिर्मित लड़ाकू विमान का परीक्षण शुरू कर दिया है। भारत चौथी पीढ़ी के स्वनिर्मित हल्के लड़ाकू विमान तेजस की वायुसेना को अपेक्षित आपूर्ति ही नहीं कर पा रहा है।

इसे लेकर बीते दिनों वायुसेना प्रुमख ने भी असंतुष्टि जाहिर की। अगर हम यूक्रेन युद्ध को लेकर अमेरिकी दबाव मान लेते तो संभव है कि तेजस के लिए जरूरी अमेरिकी कंपनी जीई के इंजन मिल गए होते। वैसे तेजस भी पूरी तरह स्वदेशी नहीं है। इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि रूस सैकड़ों प्रतिबंधों और दबावों के बावजूद तीन सालों से यूक्रेन युद्ध इसलिए जारी रख पा रहा है, क्योंकि वह हथियारों के निर्माण और ऊर्जा संसाधनों के मामले में आत्मनिर्भर हैं।



यह क्षमता ही किसी देश को सही मायनों में संप्रभु महाशक्ति बनाती हैं। इस क्षमता का ही परिणाम है कि अमेरिका के नए सत्ताधीश यह बखूबी समझते हैं कि रूस जैसी आत्मनिर्भर शक्ति को निर्णायक रूप से हराया नहीं जा सकता और वे अब रूस से समझौते की बात कर रहे हैं।

भारत विभिन्न देशों पर अपनी निर्भरता के चलते आज तक कोई युद्ध इतने समय तक चला ही नहीं पाया और युद्ध के मैदान में जीती बाजी भी हम विदेशी दबाव के चलते वार्ता की मेज पर हारते रहे हैं। 1971 का युद्ध गुलाम कश्मीर पर कोई निर्णायक फैसला लिए बिना जल्दबाजी में इसलिए समाप्त किया गया था, क्योंकि सोवियत नेता अमेरिका से एक सीमा से अधिक रार नहीं बढ़ाना चाहते थे और हम रक्षा और दूसरे मामलों में सोवियत संघ पर निर्भर थे।

यही कारण है कि भारत के पहले सीडीएस रहे स्वर्गीय जनरल बिपिन रावत चाहते थे कि भारत अपने रक्षा उपकरण स्वयं ही बनाए और वे अगर विदेशी रक्षा उपकरणों से गुणवत्ता में थोड़े कमतर भी हों तो भी स्वदेशी उत्पादों को ही वरीयता दी जानी चाहिए। जनरल रावत का कहना था कि यदि कोई स्वदेशी रक्षा उत्पाद गुणवत्ता के 70 प्रतिशत मानक भी पूरे कर दे तो विदेशी साजोसामान के मुकाबले उसे वरीयता मिलनी चाहिए।

अगर ऐसा किया जाए तो देश का धन देश से बाहर नहीं जाता और बिना किसी दूसरे देश की नीतिगत प्राथमिकताओं का दबाव झेले ऐसे रक्षा उपकरणों का अनवरत उत्पादन किया जा सकता है। उच्च गुणवत्ता वाले ऐसे रक्षा उपकरणों का क्या ही लाभ, जिसके निर्माता देश के विभिन्न मामलों में नीतिगत दबाव भारत को झेलने पड़ें?

जहां तक गुणवत्ता का प्रश्न है तो तकनीकी विकास एक सतत प्रक्रिया है, जिसमें असफलताओं से भी सीखने को मिलता है और समय के साथ खामियों को गहन अनुसंधान से दूर किया जा सकता है। चंद्रयान-2 की असफलता के बाद चंद्रयान-3 में किए गए सुधारों के चलते वह बेहद सफल रहा।

गुणवत्ता में क्रमिक सुधार का चीन सबसे बड़ा उदाहरण है। चीन भी शुरुआती दिनों में हथियारों के लिए सोवियत संघ पर निर्भर था, परंतु उसने जो लड़ाकू विमान और युद्धक उपकरण एक बार सोवियत संघ से खरीदे, उनकी नकल कर वैसे ही उत्पाद स्वयं बनाने की कोशिश की।





प्रकाश और प्रेम ही हमारा सच्चा स्वरूप है।
- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# रूस-यूक्रेन युद्ध जल्द समाप्त होने के आसार

अब रूस-यूक्रेन संघर्ष रुक सके, इसके लिए कोशिशें तेज होती दिखने लगी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि अगर उनके पद छोड़ने से शांति लौटती और यूक्रेन को नाटो की सदस्यता मिलती है, तो वे इस्तीफा देने को तैयार हैं। उनके इस बयान की असल वजह उन पर पड़ रहा अमेरिकी दबाव है। डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव जीतने के साथ ही रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने का एलान कर दिया था। फिर उनका झुकाव रूस की तरफ बढ़ता दिखा है। रूस के खिलाफ संघर्ष के लिए यूक्रेन को दी जाने वाली मदद भी उन्होंने रोकने की घोषणा कर दी।

शांति बहाली के लिए पिछले हफ्ते सऊदी अरब की राजधानी रियाद में जो बैठक आयोजित की गई, उसमें यूक्रेन के किसी प्रतिनिधि को नहीं बुलाया गया, जबकि उसमें रूस और अमेरिका के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। अब अमेरिकी प्रतिनिधि का दावा है कि इसी हफ्ते दोनों देशों के बीच चल रहा संघर्ष समाप्त हो सकता है। कुछ दिनों पहले ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने कहा था कि अब यूक्रेन में चुनाव कराए जाने चाहिए। जाहिर है, जेलेंस्की अलग-थलग पड़ चुके हैं और अब उनके सामने हथियार डालने के अलावा कोई विकल्प नजर नहीं आ रहा।

अभी तक यूक्रेन इसीलिए रूस का मुकाबला कर पा रहा था कि उसे अमेरिका से मदद मिल रही थी। अब ट्रंप ने वह मदद देने से इनकार कर दिया है। इसे लेकर जेलेंस्की की प्रतिक्रिया स्वाभाविक है। हालांकि रूस की तरफ अमेरिकी झुकाव के अपने समीकरण हैं, पर इस हकीकत से मुंह नहीं फेरा जा सकता कि रूस-यूक्रेन संघर्ष का पूरी दुनिया पर असर पड़ रहा है और जैसे भी हो, सब यही चाहते हैं कि वहां शांति बहाली होनी चाहिए। इस युद्ध को चलते तीन वर्ष हो गए। करीब ढाई लाख भवन ध्वस्त हो चुके हैं।



दोनों तरफ से सवा लाख से ऊपर सैनिक मारे जा चुके हैं। हजारों आम नागरिकों की जान जा चुकी है। लाखों नागरिक विस्थापन का दर्द झेल रहे हैं। इस युद्ध को रुकवाने के लिए कई तरह से कोशिशें की गईं। भारत ने भी बार-बार कहा कि युद्ध किसी मसले का हल नहीं हो सकता। प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के राष्ट्रपतियों से कई बार फोन पर बात की और युद्ध रोकने की अपील की। मगर दोनों देश अपनी-अपनी जिद पर अड़े रहे।

अच्छी बात है कि इस युद्ध के रुकने की संभावना नजर आने लगी है। हालांकि जेलेंस्की अब भी यूक्रेन की नाटो सदस्यता का मुद्दा उठा रहे हैं, जो मुश्किल लगता है। दरअसल, युद्ध की शुरूआत ही इसी से हुई थी कि यूक्रेन ने नाटो का सदस्य बनने का फैसला किया था और रूस ने उसे इस फैसले से कदम वापस लेने की चेतावनी दी थी।

जेलेंस्की इस बात से भी डरे हुए हैं कि शांति बहाली को लेकर जिस तरह रियाद में बैठकें हो रही हैं, उसमें रूस का ही पक्ष अधिक मजबूत रहेगा और उसी की शर्तें लागू होंगी। जाहिर है, इससे यूक्रेन को नुकसान उठाना पड़ेगा। यूक्रेन में खनिजों आदि को लेकर अमेरिका के अपने स्वार्थ हैं और यह देखने की बात होगी कि युद्ध समाप्ति के बाद वह वहां किस तरह रणनीति बनाता है। पर फिलहाल युद्ध रुकना ज्यादा जरूरी है, ताकि वहां के लोगों का जीवन फिर से पटरी पर लौट सके और बेवजह जा रही जानें बचाई जा सकें।

# यहां झाड़ू चढ़ाने से दूर हो जाते हैं रोग

**जरा हट के**

भगवान शंकर को सौम्य और रौद्र दोनों रूपों में पूजा जाता है. भगवान शिव को त्रिदेवों में संहार का देवता माना जाता है. देश-विदेश में महादेव के बहुत से मंदिर हैं जिनकी अपनी एक कहानी है. कुछ ऐसे रहस्यमयी मंदिर भी हैं, जिनके रहस्य को आज तक कोई भी नहीं जान पाया है. हम जब भी किसी मंदिर में जाते हैं तो कुछ न कुछ चढ़ावा जैसे फूल, फल, सोना और चांदी आदि भी चढ़ाते है. आज हम आपको ऐसे मंदिर के बारे में बता रहे हैं, जहां भक्त झाड़ू चढ़कर रोगों से मुक्ति पाते हैं.

पातालेश्वर भगवान का ये मंदिर उत्तर प्रदेश के संभल जनपद के बहजोई के सादतबाड़ी नामक गांव में है. इसे पातालेश्वर शिव मंदिर कहा जाता है. इस मंदिर में शिव जी को झाड़ू चढ़ाने के लिए सोमवार, शिवरात्रि और सावन के महीने में लंबी-लंबी कतारें लगती हैं.




इस मंदिर में स्थापित भोलेनाथ के पवित्र शिवलिंग के बारे में कहा जाता है कि उसका आधार पाताल में है. इसलिए इस मंदिर को पातालेश्वर मंदिर कहा जाता है.

सदियों पहले की एक घटना इससे आज तक जुड़ी हुई है. भिखारी दास नाम का एक व्यापारी त्वचा रोग से पीड़ित था. कई बार इलाज कराने के बाद भी ठीक नहीं हो रहा था. एक बार वो कहीं जा रहा था. रास्ते में प्यास लगी तो वो पास के ही आश्रम में पानी पीने चला गया, जहां वो एक झाड़ू से टकरा गया. कहा जाता है कि झाड़ू से टकराते ही उसकी त्वचा का रोग ठीक हो गया.

त्वचा के रोग से मुक्ति पाने के बाद भिखारी दास ने आश्रम में रहने वाले संतों को बहुत सा धन देने की इच्छा प्रकट की लेकिन संतों ने वो सब लेने से मना कर दिया. उन्होंने कहा कि इस धन से आप यहां पर मंदिर का निर्माण करा दें. इसके बाद व्यापारी ने वहां शिव मंदिर बनवा दिया. इस मंदिर के बनने के बाद यह मंदिर सादतबाड़ी शिव मंदिर के नाम से जाना जाने लगा है. उसके बाद यहां से झाड़ू चढ़ाने की परंपरा चली आ रही है और आज भी यहां पर झाड़ू चढ़ाई जाती है.

# संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए कारगर और आसान तरीका

पिछले एक दशक की तुलना में संक्रामक बीमारियों के मामले अब काफी बढ़ गए हैं। इंफ्लूएंजा हो या कंजंक्टिवाइटिस, कोविड-19 हो या बर्ड फ्लू, इन सभी बीमारियों के मामले अब काफी आम हो गए हैं। हालिया रिपोर्ट्स में भारत सहित कई देशों में तेजी से बढ़ते एच5एन1 संक्रमण के मामलों को लेकर भी अलर्ट किया जा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों को इन बीमारियों से बचाव के लिए निरंतर प्रयास करते रहने की आवश्यकता है।

दिनचर्या में छोटे-छोटे बदलाव भी आपको गंभीर बीमारियों से बचाने वाले हो सकते हैं। जब बात संक्रामक बीमारियों के खतरे को कम करने की हो तो हाथ धोने की आदत बनाने से आप काफी लाभ पा सकते हैं। हाथ धोना एक सामान्य आदत लग सकती है, लेकिन यह स्वास्थ्य और स्वच्छता के लिए अत्यंत आवश्यक है।



### हाथों की स्वच्छता का रखें ध्यान

विभिन्न शोध से पता चलता है कि नियमित रूप से हाथ धोने की आदत संक्रामक बीमारियों के प्रसार को रोकने में काफी मददगार हो सकती है। कोविड-19 महामारी के दौरान भी सभी लोगों को बार-बार हाथों की स्वच्छता पर ध्यान देते रहने की सलाह दी जाती रही थी।

### संक्रामक रोगों से होता है बचाव

हम सभी निरंतर किसी न किस सतहों को छूते रहते हैं, जिससे हानिकारक बैक्टीरिया और वायरस हमारे हाथों से चिपककर शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। साबुन और पानी से हाथ धोने की आदत बनाकर रोगजनकों से बचाव किया जा सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं नियमित रूप से हाथ धोने से फ्लू, सर्दी-जुकाम, हेपेटाइटिस ए और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल संक्रमण जैसी बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। पेट का संक्रमण, डायरिया आदि के लिए भी कई प्रकार के हानिकारक बैक्टीरिया और वायरस जिम्मेदार माने जाते रहे हैं। दूषित हाथ से भोजन करने से ये रोगजनक शरीर में पहुंचकर बीमारियों को बढ़ाने वाले हो सकते हैं। यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार, डायरिया के कारण हर साल लाखों बच्चे अपनी जान गंवाते हैं। अगर नियमित रूप से हाथ धोने की आदत बना ली जाए तो इस खतरे को 40% तक कम किया जा सकता है।

### इस एक आदत के और भी कई पायदे

- नाक और मुंह को बार-बार छूने से सांस संबंधी बीमारियां जैसे निमोनिया और ब्रोंकाइटिस हो सकती हैं। हाथ धोने से इनका प्रसार रोका जा सकता है।
- नाक और मुंह को बार-बार छूने से सांस संबंधी बीमारियां जैसे निमोनिया और ब्रोंकाइटिस हो सकती हैं। हाथ धोने से इनका प्रसार रोका जा सकता है।खाने से पहले और बाद में हाथ धोने से भोजन में बैक्टीरिया का प्रवेश नहीं होता, जिससे फूड पॉइजनिंग और पेट की बीमारियां कम होती हैं।
- नाक और मुंह को बार-बार छूने से सांस संबंधी बीमारियां जैसे निमोनिया और ब्रोंकाइटिस हो सकती हैं। हाथ धोने से इनका प्रसार रोका जा सकता है।हाथ धोने की आदत बनाने से शरीर पर बैक्टीरिया और वायरस का कम प्रभाव पड़ता है, जिससे इम्यून सिस्टम मजबूत होता है।
- नाक और मुंह को बार-बार छूने से सांस संबंधी बीमारियां जैसे निमोनिया और ब्रोंकाइटिस हो सकती हैं। हाथ धोने से इनका प्रसार रोका जा सकता है।यूनिसेफ के मुताबिक, यदि स्कूलों में हाथ धोने की आदत पर जोर दिया जाए, तो बच्चों में संक्रमण से होने वाली बीमारियों को 50% तक कम किया जा सकता है।

**खाना-खजाना**

# सिंघाड़े के आटे की कचौड़ी

**महाशिवरात्रि का व्रत रखने वाले कुछ लोग इस दिन फलाहार के लिए सिंघाड़े के आटे की कचौड़ी बनाते हैं। अगर आप भी अपनी रसोई में सिंघाड़े के आटे की कचौड़ी ट्राई करना चाहते हैं तो झटपट फॉलो करें ये टेस्टी चटपटी रेसिपी। आइए जानते हैं सिंघाड़े के आटे की कचौड़ी बनाने का क्या है आसान और टेस्टी तरीका।**

### सामग्री :

- 1 कप सिंघाड़े का आटा
- 4 मैश किए हुए उबले हुए आलू
- स्वाद अनुसार सेंधा नमक
- 1 चम्मच जीरा
- 1/2 चम्मच सोंठ पाउडर
- 2 बारीक कटी हुई हरी मिर्च
- 1/2 चम्मच अजवाइन
- कचौड़ी तलने के लिए घी
- 1 चम्मच तिल

### बनाने का तरीका :

महाशिवरात्रि के दिन सिंघाड़े के आटे की कचौड़ी बनाने के लिए सबसे पहले सिंघाड़े के आटे को एक बड़े बर्तन में छानकर रख लें। इसके बाद आटे में थोड़ा सा सेंधा नमक और अजवाइन डाल दें। इसके बाद आटे को पानी की मदद से अच्छी तरह गूंधकर तैयार कर लें। आटा गूंधते समय इस बात का खास ख्याल रखें कि आटा न तो ज्यादा सख्त हो और न ही बहुत ज्यादा सॉफ्ट। अब आटा गूंधकर उसे ढककर 15 मिनट के लिए अलग रख दें।



अब कचौड़ी के लिए आलू की स्टफिंग तैयार करें। इसके लिए उबले हुए आलू को अच्छी तरह मैश करके इनमें सेंधा नमक, सोंठ पाउडर, कटी हरी मिर्च और तिल डालकर अच्छी तरह मिक्स कर लें। इसके बाद गूंधे हुए आटे से छोटी-छोटी लोई तोड़कर उनके बीच में आलू का मिश्रण रखकर अच्छी तरह बंद करके कचौड़ी का आकार दें। अब एक कढ़ाई में घी गरम करके उसमें तैयार कचौड़ी डालकर दोनों तरफ से हल्का सुनहरा होने तक फ्राई करें। आप तैयार कचौड़ी को हरी चटनी के साथ सर्व कर सकते हैं।

# सर्दी-जुकाम जैसा होने लगा महसूस?

### तुरंत पी लें ये काढ़ा...

**सर्दी का मौसम आते ही सर्दी-जुकाम, गले में खराश, खांसी और बुखार जैसी समस्याएं बढ़ने लगती हैं. बदलते मौसम में इम्यूनिटी कमजोर होने के कारण वायरल इंफेक्शन का खतरा भी बढ़ जाता है. अगर आपको भी गले में खराश, नाक बंद या हल्का बुखार जैसा महसूस हो रहा है, तो दवाओं से पहले घरेलू उपाय आजमाना फायदेमंद हो सकता है.**

आयुर्वेद में ऐसे कई काढ़े हर्बल टी बताए गए हैं, जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत कर सकते हैं और सर्दी-जुकाम से राहत दिला सकते हैं. यह काढ़ा पूरी तरह से प्राकृतिक, आयुर्वेदिक और केमिकल-फ्री होता है, जिससे किसी तरह का साइड इफेक्ट नहीं होता. तो चलिए जानते हैं सर्दी-जुकाम के लिए फायदेमंद एक असरदार काढ़ा, जिसे आप घर पर आसानी से बना सकते हैं.



### काढ़ा बनाने के लिए आवश्यक सामग्री

- तुलसी के पत्ते – 7-8
- अदरक – 1 इंच टुकड़ा (कद्दूकस किया हुआ)
- काली मिर्च – 4-5 (दरदरी कुटी हुई)
- लौंग – 2-3
- दालचीनी – 1 छोटा टुकड़ा
- हल्दी पाउडर – 1/2 चम्मच
- गुड़ या शहद – स्वादानुसार
- नींबू का रस – 1 चम्मच (वैकल्पिक)
- पानी – 2 कप

### काढ़ा बनाने की विधि

- सबसे पहले एक पैन में 2 कप पानी डालें और उसे धीमी आंच पर गरम करें.
- इसमें तुलसी के पत्ते, अदरक, काली मिर्च, लौंग और दालचीनी डालें.
- अब इसे 7-8 मिनट तक धीमी आंच पर उबालें, ताकि सभी जड़ी-बूटियों का अर्क पानी में अच्छे से आ जाए.
- इसके बाद इसमें हल्दी पाउडर और गुड़ (या शहद) डालें और 2-3 मिनट और उबालें.
- जब पानी आधा रह जाए, तो गैस बंद कर दें और काढ़े को छान लें.
- अब इसमें नींबू का रस डालें और हल्का गरम-गरम ही पिएं.

### यह काढ़ा कैसे करता है काम?

इसमें एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-वायरल गुण होते हैं, जो गले की खराश और सर्दी-जुकाम से राहत दिलाते हैं. अदरक में मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी तत्व गले की सूजन कम करते हैं और इम्यूनिटी को बूस्ट करते हैं. काली मिर्च बंद नाक खोलने में मदद करती है और शरीर को गर्म रखती है. लौंग में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो इंफेक्शन से बचाते हैं. दालचीनी गले की खराश को कम करती है और म्यूकस (बलगम) को साफ करने में मदद करती है. हल्दी में मौजूद करक्यूमिन (Curcumin) तत्व शरीर में सूजन को कम करता है और संक्रमण से लड़ता है. वहीं, शहद या गुड़ यह गले को राहत देने के साथ काढ़े के स्वाद को भी बेहतर बनाता है. नींबू में विटामिन C होता है, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है.

### कैसे पिएं यह काढ़ा?

जब आपको सर्दी या जुकाम जैसा महसूस होने लगे तो इस काढ़े को दिन में 2 बार (सुबह और रात) पीने से ज्यादा फायदा मिलेगा. इसे खाली पेट या खाने के 30 मिनट बाद पिएं. अगर आपको तेज बुखार या ज्यादा खांसी है, तो डॉक्टर से सलाह जरूर लें.

### फिटकरी है बड़ी गुणकारी

- फिटकरी एक एंटी इन्फ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुना से भरपूर औषधि है जो घाव को ठीक करने में मदद करती है हालांकि फिटकरी का उपयोग केवल शरीर के बाहरी हिस्सों पर ही किया जा सकता है.
- फिटकरी का उपयोग एक बेहतरीन माउथवॉश के रूप में फायदेमंद हो सकता है इसमें मौजूद एंटीमाइक्रोबॉयल गुड डेंटल ब्लॉक को रोकने में मदद करते हैं यह दांतों में मौजूद बैक्टीरिया को खत्म करने में मददगार होता है.
- फिटकरी स्किन को ब्राइटनेस करने में और दाग धब्बे मुंहासे आदि को दूर करने में भी बेहद उपयोगी हो सकता है या आपके चेहरे में निखार लाने में बेहद फायदेमंद साबित हो सकता है.
- फिटकरी का इस्तेमाल शरीर के लिए फायदेमंद होता है लेकिन इसे रोजाना उपयोग करने से बचना चाहिए फिटकरी का रोजाना इस्तेमाल में नहीं लेना चाहिए बल्कि सप्ताह में एक या दो बार इसका उपयोग स्क्रीन पर किया जा सकता है.

*लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.*

# आज का राशिफल

**मेष** : स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा।

**वृषभ** : पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** : दुःखद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कर्क** : भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सहयोग बना रहेगा।

**सिंह** : घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा की योजना बनेगी। प्रसन्नता रहेगी।

**कन्या** : यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे। मित्रों के साथ प्रसन्नतापूर्वक समय बीतेगा।

**तुला** : स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। आय में निश्चितता रहेगी।

**वृश्चिक** : बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

**धनु** : नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा।

**मकर** : किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें।

**कुंभ** : स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। हितैषी सहयोग करेंगे।

**मीन** : प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा। चिंता में कमी होगी।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### सुहागरात के अगले ही दिन दुल्हन ने किया कांड, माथा पीटता रह गया दूल्हा

**मथुरा.** मथुरा से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक युवक को कोर्ट मैरिज करना महंगा पड़ गया। दरअसल नई नवेली दुल्हन ने सुहागरात के अगले दिन ही परिजनों के खाने में नशीला पतार्थ मिलाकर ससुरालियों को खिला दिया। फिर भाई के साथ जेवर और कैश समेत अन्य सामान लेकर फरार हो गई। अगली सुबह जब दूल्हा और उसके परिजन नींद से जागे तो सामान समेत दुल्हन गायब मिली। इसके बाद से ही पीड़ित दूल्हा शादी कराने वाले मीडिएटर की तलाश में जुट गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस भी मामले की जांच कर रही है। ये मामला थाना सुरीर क्षेत्र का है। यहां के रहने वाले एक युवक का रिश्ता मीडिएटर ने महोबा की रहने वाली युवती के साथ कराया था। 19 फरवरी को कोर्ट मैरिज करने के बाद दूल्हा नई दुल्हन को लेकर हंसी खुशी घर आ गया। दुल्हन के साथ उसका भाई भी आया था। वह अपनी बहन के साथ ही रहा। तभी दूसरे दिन की शाम दुल्हन ने ससुरालियों के लिए खाना बनाया। इसमें कुछ नशीला पदार्थ मिला कर सभी ससुरालियों को खिला दिया। इसके चलते सभी गहरी नींद में सो गये थे। तभी दिन निकलने से पहले ही दुल्हन ससुराल से लाखों के जेवर, नकदी समेत अन्य लेकर फुर्र हो गयी।

### लोन नहीं दिलाया तो कर दी दोस्त की हत्या

**मेरठ.** मेरठ के टीपीनगर में सुरक्षा गार्ड की हत्या का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक हत्यारोपी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि लोन नहीं दिलाने पर दोस्त ने ही सुरक्षा गार्ड की हत्या की थी और इसके बाद फरार हो गया। मलियाना की जयश्री कॉलोनी निवासी 43 वर्षीय ललित परतापुर फैक्ट्री में सुरक्षा गार्ड थे। 19 फरवरी को दिन में ललित की ड्यूटी फैक्ट्री पर थी, लेकिन रात को ड्यूटी खत्म करने के बाद वह घर नहीं पहुंचे। इसके बाद परिजनों ने टीपीनगर थाने में सूचना दी और खोजबीन कराने के लिए मदद मांगी। 23 फरवरी को ललित की लाश पट्टा गांव के जंगल में बरामद हुई।

### 28 फरवरी तक रेलवे अलर्ट, भीड़ बढ़ेगी तो बरेली से प्रयागराज के लिए चलेंगी मेला स्पेशल ट्रेन

**प्रयागराज.** प्रयागराज में 26 फरवरी को महाकुंभ का आखिरी स्नान पर्व है। भीड़ बढ़ेगी तो हरिद्वार, गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली और लखनऊ से रेल मंत्रालय के निर्देश पर मेला स्पेशल ट्रेनें भी चलाई जाएंगी। इसकी तैयारी कर ली गई है। किसी भी हाल में भीड़ को नियंत्रित कर यात्रियों को सुविधाएं दी जाएंगी। इसके लिए 28 फरवरी तक रेलवे में अलर्ट है। बरेली से होकर प्रयागराज जाने को स्पेशल सहित करीब आठ ट्रेनें नियमित जाती हैं। 14308 मुगलसराय एक्सप्रेस यहीं से बनकर चलती है। इसलिए इस ट्रेन में सीटों की क्षमता से अधिक यात्री सफर करते हैं। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर महाकुम्भ में डुबकी लगाने को करोड़ो में श्रद्धालु पहुंच गए हैं। रेलवे ने स्पेशल ट्रेनें चला दी हैं। जिसे आने जाने में यात्रियों को कोई दिक्कत न हो। बरेली जंक्शन पर आरपीएफ-जीआरपी और कामर्शियल विभाग की टीमों को अलर्ट कर दिया। रेलवे का मानना था, सोमवार को त्रिवेणी, मुगलसराय एवं अन्य मेला स्पेशल ट्रेनों में कोई खास भीड़ रही।

# AAP की शराब नीति से 2000 करोड़ का घाटा

- CAG रिपोर्ट में खुलासा-
- दिल्ली विधानसभा से AAP के 21 विधायक सस्पेंड
- CAG रिपोर्ट पर हंगामा कर रहे थे



**नई दिल्ली.** दिल्ली विधानसभा के दूसरे दिन मंगलवार को सदन में शराब नीति पर CAG रिपोर्ट पेश की गई। दिल्ली CM रेखा गुप्ता ने रिपोर्ट सदन में रखी। LG वीके सक्सेना ने कहा कि पिछली सरकार ने इस रिपोर्ट को रोककर रखा था। इसे सदन में नहीं रखा। उन्होंने संविधान का खुलेआम उल्लंघन किया।

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि नई शराब नीति से दिल्ली सरकार को 2000 करोड़ का घाटा हुआ। पॉलिसी कमजोर थी और लाइसेंस प्रक्रिया में गड़बड़ी हुई। एक्सपर्ट पैनल ने पॉलिस में कुछ बदलाव के सुझाव दिए थे, जिन्हें तत्कालीन डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने नजरअंदाज कर दिया।

इससे पहले सदन में विपक्षी पार्टी AAP ने CM हाउस में भगत सिंह और अंबेडकर की तस्वीरों के मुद्दे पर हंगामा किया। LG वीके सक्सेना जब भाषण दे रहे थे, तब आप विधायकों ने मोदी-मोदी की नारेबाजी की। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष आतिशी समेत 21 AAP विधायकों को 3 मार्च तक के लिए सस्पेंड कर दिया गया।

सदन में बाहर आने के बाद आतिशी ने कहा कि CM हाउस से भगत सिंह और अंबेडकर की तस्वीरें क्यों हटाई गईं। क्या PM मोदी बाबा साहेब अंबेडकर से भी बड़े हैं। उन्होंने कहा कि AAP सरकार के समय हर सरकारी दफ्तर में भगत सिंह और अंबेडकर की फोटो लगाई गई थी।

#### विधानसभा सत्र 2 दिन के लिए बढ़ाया गया

रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिल्ली सरकार ने विधानसभा का सत्र 2 दिन के लिए बढ़ा दिया है। यानी अब सत्र 28 फरवरी और 1 मार्च को भी चलेगा। इससे पहले सत्र 3 दिन यानी 24, 25 और 27 फरवरी तक ही चलाने की जानकारी सामने आई थी। 26 फरवरी को शिवरात्रि की वजह से छुट्टी है।

### लैंड फॉर जॉब केस- लालू परिवार को कोर्ट का समन

**नई दिल्ली.** लैंड फॉर जॉब मामले में मंगलवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से लालू परिवार को झटका लगा है। इस मामले में CBI की ओर से दाखिल फाइनल चार्जशीट पर कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए लालू यादव और उनके बेटा-बेटी समेत सभी आरोपियों को समन भेजा है।

कोर्ट ने लालू, उनके बड़े बेटे तेजप्रताप और बेटी हेमा यादव को 11 मार्च को पेश होने का आदेश दिया गया है।

इससे पहले कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस केस में CBI, लालू यादव सहित 78 अन्य के खिलाफ चार्जशीट दायर की है। इसमें 30 लोक सेवक आरोपी हैं।

## नूपुर शर्मा ने भी किया महाकुंभ में स्नान

- कड़ी सुरक्षा में लगाई आस्था की डुबकी



**प्रयागराज.** भाजपा की पूर्व नेता नूपुर शर्मा ने महाकुंभ में मंगलवार को स्नान किया। वह त्रिवेणी संगम पहुंचीं और वहां परिवार के अन्य सदस्यों के साथ स्नान किया। उनके स्नान के दौरान भी सुरक्षाकर्मी आसपास तैनात रहे और कड़ी निगरानी रखते रहे। उन्होंने पैगंबर मोहम्मद को लेकर टिप्पणी कर दी थी, जिसके चलते वह विवादों में घिर गई थीं। उन्हें भाजपा ने प्रवक्ता पद से हटा दिया था और वह लंबे समय से सार्वजनिक आयोजनों से सुरक्षा कारणों से दूर रही हैं। फिलहाल उनकी सुरक्षा दिल्ली पुलिस संभालती है। ऐसे में उनका कुंभ जैसे सार्वजनिक आयोजन में जाना अहम था। यही वजह रही कि सुरक्षाकर्मी स्नान के दौरान भी पूरी निगरानी करते रहे।

नूपुर शर्मा जिस दौरान संगम स्नान कर रही थीं, वहां बड़ी संख्या में लोग जुट गए। उनके प्रशंसकों में से कई लोगों ने उनके साथ सेल्फी भी ली। इस दौरान सुरक्षाकर्मी काफी लोगों को हटाते भी नजर आए।

## सरकारी अनाज से झड़ने लगे लोगों के बाल!

- बुलढाणा में बाल झड़ने की वजह सामने आई
- एक्सपर्ट बोले- सेलेनियम वाले गेहूं के इस्तेमाल से फैली बीमारी



#### दो महीने में 18 गांव के 279 लोगों के बाल झड़ने लगे

दिसंबर 2024 से जनवरी 2025 के बीच बुलढाणा के 18 गांवों में 279 लोगों में अचानक बाल झड़ने या एक्यूट ऑनसेट एलोपेसिया टोटलिस के मामले सामने आए। एलोपेसिया से प्रभावित लोगों में हर उम्र के लोग शामिल थे। बीमारी की वजह से लोगों की शादियां टूटने लगीं। कई लोगों ने अपने सिर के बाल तक मुंडवा लिए।

**बुलढाणा.** बुलढाणा में दिसंबर महीने में एक अजीब बिमारी फैली। अचानक लोगों के बाल झड़ने लगे। मामले में मंगलवार को मेडिकल रिपोर्ट सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक यहां के लोगों ने खाने में जिस गेहूं का इस्तेमाल किया, उसकी वजह से उनके बाल झड़ने लगे।

रिपोर्ट के मुताबिक इस गेहूं में हाई सिलेनियम पाया गया है। सेलेनियम एक खनिज है जो मिट्टी, पानी और कुछ भोजन में पाया जाता है। मानव के शरीर के लिए सेलेनियम बहुत कम मात्रा में जरूरत होती है, जो भोजन के पाचन में जरूरी भूमिका निभाता है। गेहूं पंजाब और हरियाणा से आया है, जो महाराष्ट्र के राशन दुकानों में बांटा जाता है।

#### बीमारी से सबसे ज्यादा युवा महिलाएं प्रभावित

रायगढ़ स्थित बावस्कर हॉस्पिटल और रिसर्च सेंटर के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. हिम्मतराव बावस्कर ने बताया कि हमने प्रभावित इलाकों से सैंपल कलेक्ट किए थे। इस बिमारी से सिरदर्द, बुखार, सिर में खुजली, झुनझुनी और कुछ मामलों में उल्टी और दस्त जैसे लक्षण थे। सबसे ज्यादा प्रभावित महिलाएं हैं।

#### बीमारी के बाद 150 गुणा सेलेनियम की बढ़ोतरी

विशेषज्ञ ने बताया कि यह स्थिति तेजी से विकसित होती है और इन गांवों में लक्षण शुरू होने के तीन से चार दिन के अंदर ही लोगों को गंजापन होने लगता है। इसके अलावा इस बीमारी से प्रभावित लोगों के ब्लड, पेशाब में सेलेनियम के स्तर में काफी बढ़ोतरी होती है। बावस्कर ने कहा- लोगों में यह बीमारी होने के बाद ब्लड में 35 गुणा, पेशाब में 60 गुणा और बाल में 150 गुणा सेलेनियम की बढ़ोतरी देखी गई है। इससे पता चल पाया कि ज्यादा मात्रा में सेलेनियम का सेवन इस बीमारी के फैलने की सबसे बड़ी वजह है।

## शर्म आनी चाहिए, फेक न्यूज फैलाते हो

### कांग्रेस नेताओं पर बुरी तरह भड़कीं प्रीति जिंटा



अभिनेत्री ने लिखा, 'नहीं, मैं अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स अपने ही पास रखती हूं और फेक न्यूज को बढ़ावा देने के लिए आपको शर्म आनी चाहिए। किसी ने भी मेरे लिए कोई कर्ज माफ नहीं किया है। मैं यह देखकर हैरान हूं कि एक राजनीतिक दल या उनके नेता फेक न्यूज को बढ़ावा दे रहे हैं और गॉसिप और मेरे नाम, तस्वीरों का इस्तेमाल कर क्लिक बेट में शामिल हैं।' उन्होंने आगे लिखा, 'रिकॉर्ड के लिए बता दूं कि लोन लिया गया था और पूरा चुका दिया गया है। 10 साल से भी ज्यादा समय हो गया है। उम्मीद है कि यह स्पष्टीकरण दे देगा और मदद करेगा कि भविष्य में किसी तरह की कोई गलतफहमी न हो।'

**मुंबई.** कांग्रेस की केरल इकाई के दावे पर अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने आपत्ति जताई है। मामला करोड़ों रुपये के बैंक लोन से जुड़ा हुआ है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कहा है कि 'फेक न्यूज' फैलाने पर 'शर्म' आनी चाहिए। कांग्रेस का दावा था कि भारतीय जनता पार्टी को लाभ पहुंचाने के चलते जिंटा का लोन माफ कर दिया गया था। केरल कांग्रेस की तरफ से प्रीति जिंटा को लेकर सोमवार को कहा गया था, 'उन्होंने अपने सोशल मीडिया खाते भाजपा को दे दिए थे और 18 करोड़ रुपये माफ करा लिए थे। बैंक पिछले हफ्ते डूब गया। रुपया जमा करने वाले अपने रुपयों के लिए सड़कों पर आ गए हैं।'

#### क्या है बैंक मामला

हाल ही में RBI यानी रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक में रुपये निकालने पर 6 महीने का प्रतिबंध लगा दिया था। साथ ही बैंक पर नए लोन जारी करने पर भी रोक लग गई थी। हालांकि, सोमवार को RBI ने सोमवार को शर्तों में ढील दी।

### एक देश-एक चुनाव पर JPC की तीसरी बैठक

**नई दिल्ली.** एक देश-एक चुनाव के लिए संशोधन बिल पर जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (JPC) की तीसरी बैठक मंगलवार को संसद भवन में चल रही है। आज की मीटिंग में पूर्व चीफ जस्टिस उदय उमेश ललित, लॉ कमीशन के पूर्व अध्यक्ष ऋतुराज अवस्थी समेत 4 लॉ एक्सपर्ट्स कमेटी के सामने सुझाव देंगे।

संसद में पेश हुए 129वें संविधान संशोधन बिल पर चर्चा करने और सुझाव लेने के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री पीपी चौधरी की अध्यक्षता वाली 39 सदस्यीय JPC बनाई गई है। JPC का काम बिल पर व्यापक विचार-विमर्श करना, विभिन्न पक्षकारों और विशेषज्ञों से चर्चा करना और अपनी सिफारिशें सरकार को देना है। अब तक कमेटी की 2 बैठकें हो चुकी हैं।

## अफ्रीका से निकली एक और तबाही!

- नए वायरस से फैला आतंक,
- चपेट में आते ही दम तोड़ रहे लोग

**नई दिल्ली.** इबोला और जीका जैसे जानलेवा वायरस के बाद अफ्रीका में इन दिनों एक और वायरस का आतंक फैलता दिख रहा है। सेंट्रल अफ्रीका के कॉन्गो में इस वायरस ने कुछ ही दिनों में 50 से ज्यादा लोगों की जान ले ली है। सोमवार को स्थानीय डॉक्टरों और विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी WHO ने इस नई तबाही के बारे में चौंकाने वाले तथ्य पेश किए हैं। डॉक्टरों ने बताया है कि अधिकतर मामलों में लोग लक्षण दिखने के बाद सिर्फ 48 घंटे में दम तोड़ दे रहे हैं और यह स्थिति चिंताजनक है।

कॉन्गो में सबसे पहले 21 जनवरी को इस वायरस का पता चला था जिसके बाद अब तक 419 लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं। 9 फरवरी को बोमेटे शहर में रहस्यमयी मौतों की संख्या बढ़ने के बाद सैंपल को टेस्टिंग के लिए भेजा गया है। WHO के अफ्रीका कार्यालय के मुताबिक बोलोको शहर में पहला मामला तब सामने आया जब तीन बच्चों ने एक चमगादड़ को खाया था। इसके तुरंत बाद उन्हें तेज बुखार हुआ और 48 घंटे के भीतर उनकी मौत हो गई।

### कैसे दरिंदा बन गया अफान?

## दादी से लेकर भाई तक 6 लोगों की कर दी हत्या



**तिरुवनंतपुरम.** तिरुवनंतपुरम के निकट वेंजारामूडु में एक चौंकाने वाली घटना में 23 वर्षीय एक व्यक्ति ने सोमवार को पुलिस के सामने कबूल किया कि उसने अपने 13 वर्षीय भाई, 80 वर्षीय दादी और एक महिला सहित छह लोगों की हत्या की है। महिला उसकी प्रेमिका बताई जा रही है। अफान शाम को वेंजारामूडु पुलिस थाने में आया और अपना अपराध कबूल किया। पुलिस ने बताया कि इस व्यक्ति की पहचान अफान नामक व्यक्ति के रूप में हुई है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अफान ने दावा किया था कि उसने जहर खा लिया है। फिलहाल, पुलिस इस जघन्य अपराध की वजह तलाशने में जुटी हुई है।

पुलिस ने पांच लोगों की मौत की पुष्टि की है, जबकि अफान की मां को गंभीर हालत में एक निजी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसने अपनी मां पर भी हमला किया था। मृतकों में दो उनके करीबी रिश्तेदार थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अफान ने पुलिस को बताया है कि उसने परिवार के 6 लोगों को मार दिया, क्योंकि वे उसपर चढ़े भारी कर्ज को उतारने में आनाकानी कर रहे थे। हालांकि, पुलिस को उसकी बात पर शक है और जानकारी जुटाने के लिए पड़ताल की जा रही है। यह पता लगाने के लिए कि आरोपी को ड्रग्स की लत है या नहीं, उसके फोन और कॉल डिटेल खंगाले जा रहे हैं।

खबर है कि आरोपी ने पहले 88 वर्षीय दादी का दोपहर 3 बजे पंगोडे में कत्ल किया। इसके बाद वह एसएन पुरम पहुंचा, जहां 58 साल के मामा अब्दुल लतीफ और उनकी पत्नी शाहिदा बीवी को मारा। इसके बाद वह घर आया और मां, 14 साल के भाई अफजान और 19 साल की गर्लफ्रेंड फर्शाना का कत्ल किया।

## शशि थरूर ने कांग्रेस को फिर चिढ़ाया

- अब मोदी के मंत्री पीयूष गोयल संग शेयर की सेल्फी; संदेश भी लिखा



#### पार्टी हितों से ऊपर उठकर देश हित की बात

इस बारे में जब उनसे पूछा गया तो शशि थरूर ने कहा था कि पार्टी हितों से ऊपर उठकर देश हित की बात भी कभी की जा सकती है। इसमें कुछ भी गलत नहीं है। अब शशि थरूर ने जो सेल्फी शेयर की है, उसमें उनके साथ पीयूष गोयल और ब्रिटेन के वाणिज्य मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स साथ दिख रहे हैं। उन्होंने लिखा है कि भारत और यूके के बीच ट्रेड डील के बाद यह तस्वीर ली गई है। थरूर ने इसके आगे ट्वीट में लिखा है, 'ब्रिटिश मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स के साथ अच्छी बातचीत रही। उनके साथ ही वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से भी मुलाकात हुई। इस दौरान फ्री ट्रेड अग्रीमेंट को लेकर बात आगे बढ़ी। यह मसला लंबे समय से अटका हुआ है।' दरअसल शशि थरूर की ओर से राज्य की सीपीएम सरकार की भी तारीफ की जा चुकी है, जिसके खिलाफ कांग्रेस लंबे समय से राज्य में लड़ती रही है।

**नई दिल्ली.** केरल के सांसद शशि थरूर लगातार कांग्रेस को चिढ़ा रहे हैं। अब उन्होंने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के साथ एक सेल्फी सोशल मीडिया पर शेयर की है। पिछले दिनों उन्होंने पार्टी नेतृत्व से सीधा सवाल किया था और कहा था कि आखिर उनके पास क्या जिम्मेदारी है। इसके अलावा उन्होंने कहा था कि यदि पार्टी के पास उनके लिए कोई काम नहीं है तो फिर उनके पास विकल्प भी हैं। अब उन्होंने जो ट्वीट किया है, उसने चर्चाओं को और बल दिया है। इससे पहले सोमवार को उन्होंने एक ट्वीट किया था, जिसमें केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, केरल के सीएम पिनराई विजयन और राज्य में कांग्रेस के नेता के. सुधाकरण एक ही मंच पर थे।

इस तस्वीर की उन्होंने तारीफ की थी और कहा था कि राज्य के आर्थिक विकास के लिए यह बहुत अच्छी और जरूरी तस्वीर है। इसके बाद से ही शशि थरूर को लेकर चर्चाएं तेज हैं कि क्या वह कांग्रेस से अपना दामन छुड़ाना चाहते हैं। एक वर्ग का कहना है कि वह राज्य की सत्ताधारी पार्टी सीपीएम के साथ जा सकते हैं तो वहीं कुछ लोग भाजपा को लेकर कयास लगा रहे हैं। शशि थरूर ने पिछले दिनों पीएम नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे की भी सराहना की थी। वहीं जयराम रमेश और राहुल गांधी ने कहा था कि पीएम मोदी ने अमेरिका में भारत के हितों से समझौता किया है। वहां भी वह सिर्फ अडानी का ही बचाव करते रहे। ऐसे में शशि थरूर की ओर से तारीफ करना थोड़ा अलग था।

### ईरान पर मंडराया युद्ध का साया

ईरान ने अपने परमाणु स्थलों पर अमेरिका और इजरायल के संभावित हमले की आशंका के बीच 'हाई अलर्ट' जारी किया है। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी अधिकारियों को संदेह है कि दोनों देश मिलकर उसके परमाणु कार्यक्रम को निशाना बना सकते हैं। यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब क्षेत्र में तनाव चरम पर है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय ईरान के परमाणु महत्वाकांक्षाओं पर नजर रखे हुए है। ईरानी सरकार ने अपनी सैन्य तैयारियों को मजबूत करने के संकेत दिए हैं, हालांकि अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## सिख विरोधी दंगा-सज्जन कुमार को दूसरे केस में भी उम्रकैद

- सिख बाप-बेटे की हत्या का मामला
- पीड़ित पक्ष ने मौत की सजा मांगी थी



**नई दिल्ली.** दिल्ली में 1984 के सिख विरोधी दंगा केस में मंगलवार को कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष जज कावेरी बावेजा ने दोपहर 2 बजे के बाद यह फैसला सुनाया।

यह मामला दंगों के दौरान दिल्ली के सरस्वती विहार में जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या से जुड़ा है। तब सज्जन बाहरी दिल्ली लोकसभा सीट से सांसद थे। पीड़ित पक्ष ने उन्हें मौत की सजा देने की मांग की थी।

सज्जन कुमार को 12 फरवरी को दोषी ठहराया गया था। कोर्ट ने 21 फरवरी को सजा पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। वे इस समय वे दंगों से जुड़े एक अन्य मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं और उम्रकैद की सजा काट रहे हैं।

#### 1 में बरी, 2 में दोषी

दिल्ली कैंट की पालम कॉलोनी में 5 सिखों की हत्या के बाद गुरुद्वारा जला दिया गया था। इस केस में सज्जन कुमार को दोषी पाया गया। दिल्ली हाईकोर्ट ने 17 दिसंबर, 2018 को उम्रकैद की सजा सुनाई।

सितंबर, 2023 को राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली के सुल्तानपुरी में 3 सिखों की हत्या मामले में बरी कर दिया। दंगे में CBI की एक अहम गवाह चाम कौर ने आरोप लगाया था कि सज्जन भीड़ को भड़का रहे थे।

### गुंडा है नहीं करूंगी शादी, दूल्हे ने किया बैड टच तो दुल्हन ने सुनाया फैसला

**बदायूं.** बदायूं में शादी-समारोह में जबरदस्त हंगामा हो गया। जयमाला के वक्त शराब के नशे में दूल्हे ने दुल्हन को किया बैड टच कर दिया। जिसकी वजह से दुल्हन नाराज हो गई और उसने शादी करने से इंकार कर दिया। इसके बाद रात भर दूल्हा व दुल्हन के परिवार के लोग दुल्हन को मामने का प्रयास करते रहे, लेकिन उसने दूल्हे को गुंडा बताकर शादी करने से साफ मना कर दिया। इसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों में समझौता करवा दिया। इसके बाद बारात बिना दुल्हन के ही वापस लौट गई।

मामला बिल्सी थाना क्षेत्र के बिल्सी कस्बे का है। यहां संभल जिले के चंदौसी कस्बे से एक युवक की बारात रविवार रात एक बारात घर में आई थी।

उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर
प्रभाग समिती क्र.1, सहाय्यक आयुक्त यांचे कार्यालय,
गोल मैदान, उल्हासनगर-1, दुरध्वनी क्र. 0251-2720139
स्वातंत्र्याचा अमृत महोत्सव

जा.क्र.उमपा/प्र.स.1/11/2025 — दिनांक: 18/2/2025

सुधारीत नोटीस
(महाराष्ट्र नागरी क्षेत्र झाडांचे संरक्षण व जत्तन अधिनियम 1975 चे कलम 8 (3) अन्वये)
संदर्भ: या कार्यालयाकडील पत्र क्र. उमपा/प्र.स. 1/07/2025, दिनांक 31/01/2025

उल्हासनगर महानगरपालिका क्षेत्रात प्रभाग समिती क्र. 1 चे हद्दीत खाली नमूद केलेल्या ठिकाणी वृक्ष तोडणेसाठी प्रस्ताव प्राप्त झालेला आहे. सदर ठिकाणी असणारी झाडे तोडण्यास मंजुरी मिळणेकामी प्रस्ताव वृक्ष अधिकारी तथा सहायक आयुक्त, प्रभाग समिती क्र.1 यांनी वृक्ष प्राधिकरणाच्या सभेपुढे ठेवण्याचे योजिले आहे.

| अ.क्र. | अर्जदाराचे नांव | ठिकाण | झाडाचा तपशिल |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्रीष्म इंडस्ट्राइज लिमीटेड | सेंच्युरी रेयॉन, बि. के. बिर्ला मार्ग, शहाड, उल्हासनगर - 1 | आंबा या जातीचे झाड पूर्णपणे सुकलेल्या अवस्थेत आहे. झाडाची उंची 50 ते 55 फुट आहे. तसेच झाडाचा बुंधा 3 फुट आहे. |

उक्त नमुद केलेल्या ठिकाणी असलेले वृक्ष तोडण्यासाठी कोणत्याही इसमाची हरकत आल्यास त्यांनी आपली हरकत लेखी स्वरुपात दिनांक 04/0 /2025 पूर्वी सहायक आयुक्त तथा वृक्ष अधिकारी प्रभाग समिती क्र.1, गोल मैदान, उल्हासनगर-421001 या कार्यालयात सादर करावी, मुदतीत लेखी हरकत प्राप्त झाल्यास संबंधितास सुनावणी देऊन अंतीम निर्णय घेतला जाईल. विहित मुदतीत हरकत प्राप्त न झाल्यास प्रस्तुत प्रकरणी गुणवत्तेवर निर्णय घेण्यात येईल, याची नोंद घ्यावी.

सही/-
(अलका पवार)
वृक्ष अधिकारी तथा सहायक आयुक्त
प्रभाग समिती क्र.1
उल्हासनगर महानगरपालिका

जा.क्र. उमपा/पीआरओ/105/2025
दिनांक :- 25/02/2024

## संक्षेप...

### खदान में मिला लापता हुए मासूम का शव

**भिवंडी.** भिवंडी में घर से खाना लेने के लिए निकलने के बाद लापता हुए 8 साल के मासूम बच्चे का शव मिलने से हड़कंप मच गया.बच्चे के शव गांव के एक तालाब के पास खदान में मिला. पुलिस ने मंगलवार को ये जानकारी दी है.

नारपोली पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि बच्चे ने शनिवार शाम को खाना खरीदने के लिए अपने दादा से कुछ पैसे लिए, लेकिन घर नहीं लौटा. बाद में उसके परिवार के सदस्यों ने उसे आसपास के इलाकों में खोजा, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ. बाद में उन्होंने नारपोली पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई. अधिकारी ने बताया कि बच्चे का शव रविवार सुबह करीब 11 बजे खदान में मिला और उसे पोस्टमॉर्टम के लिए पड़ोस में मुंबई के सरकारी जे जे अस्पताल में भेज दिया गया.

उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है और बच्चे की मौत की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है.

### 16 वर्षीय लड़की से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**नालासोपारा.** महाराष्ट्र के पालघर जिले में पुलिस ने एक व्यक्ति को 16 वर्षीय लड़की से कथित तौर पर दुष्कर्म करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। मामले में एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस वारदात के बाद पीड़िता गर्भवती हो गई, जिससे इसका खुलासा हुआ। 22 वर्षीय आरोपी और लड़की नालासोपारा इलाके के ही निवासी हैं, दोनों एक-दूसरे को जानते थे। अचोले पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि आरोपी पिछले महीने की शुरुआत में लड़की के घर गया था, जब वह अकेली थी और कथित तौर पर उसके साथ दुष्कर्म किया।

# साई वर्ल्ड लीजेंड ने 500 से ज्यादा परिवारों को दी खुशियों की चाबी

## पैराडाइज ग्रुप ने स्थापित किया एक और मील का पत्थर

## उल्हासनगर व कल्याण के लिए बड़ी सौगात

**उल्हासनगर.** नवी मुंबई के रियल एस्टेट में पैराडाइज ग्रुप द्वारा आसमान की बुलंदियों को छूने के बाद 23 फरवरी को उल्हासनगर व कल्याण के लोगों को बड़ी सौगात देते हुए साई वर्ल्ड लीजेंड में 500 से ज्यादा परिवारों को दी खुशियों की चाबी सौंपी। यह भव्य कार्यक्रम सिर्फ़ एक हस्तांतरण समारोह नहीं था, बल्कि एक शानदार उत्सव था, जो साई वर्ल्ड लीजेंड ने सौगात के रूप में अपने लोगों को दिया। इस मेगा इवेंट में 15,000 से ज़्यादा लोगों ने हिस्सा लिया, जिससे यह इस क्षेत्र के सबसे बड़े समारोहों में से एक बन गया।




साई वर्ल्ड लीजेंड ने इस क्षेत्र में लग्जरी लिविंग इस प्रोजेक्ट में देकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। साई वर्ल्ड लीजेंड ने अपने शानदार डिज़ाइन, विश्व स्तरीय सुविधाओं और भव्यता को मूर्त रूप देने वाली सामुदायिक जीवनशैली के साथ इलाके में लग्जरी लिविंग को फिर से परिभाषित किया है। यह परियोजना एक वास्तुशिल्प चमत्कार के रूप में खड़ी है, जिसमें बेहतरीन ढंग से तैयार किए गए आवास, हरे-भरे लैंडस्केप वाले बगीचे और विशेष थीम वाली सुविधाएं हैं जो निवासियों को अलग ही दुनिया में ले जाती हैं। अत्याधुनिक मनोरंजन सुविधाओं, एक विशिष्ट क्लब हाउस और निर्बाध कनेक्टिविटी के साथ, साई वर्ल्ड लीजेंड ने कल्याण और उल्हासनगर में उच्च-स्तरीय आवासीय जीवन में एक अभूतपूर्व बेंचमार्क स्थापित किया है।





यह कार्यक्रम अपने आप में एक भव्य आयोजन था, जो उस बड़े-से-बड़े अनुभव को दर्शाता है जिसे निवासी अब अपना घर कह सकते हैं। थीम पर आधारित प्रदर्शन, शाही जुलूस और एक मनोरंजक अनुभव ने उपस्थित लोगों पर एक अमिट छाप छोड़ी, जिससे परियोजना की प्रतिष्ठा और बढ़ गई।

ज्ञात हो कि जनवरी की शुरुआत से ही पैराडाइज ग्रुप द्वारा साई सिम्फनी, साई आराध्या और साईं आइकॉन सहित अपने प्रतिष्ठित खारघर में प्रोजेक्ट्स के लिए खुशियों की चाबी सौंप रहा है। इसी समय ऐतिहासिक साई वर्ल्ड सिटी परियोजना अपने 50,000 वर्ग फुट के क्लब हाउस के आगामी लॉन्च के साथ वैश्विक थीम वाले जीवन में नए मानक स्थापित कर रही है और मार्च 2025 में पनवेल में सबसे बड़े क्लब हाउस, क्लब वेगास का अनावरण करने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह अत्याधुनिक सुविधा लक्जरी सामुदायिक जीवन को फिर से परिभाषित करने का वादा करती है, जो निवासियों को एक अद्वितीय जीवन शैली में लिप्त होने के लिए विश्व स्तरीय मनोरंजक और सामाजिक स्थान प्रदान करती है। इसके अलावा, साई वर्ल्ड रिट्रीट का क्लब विवियाना भी पूरा होने वाला है, जो अपने निवासियों के लिए एक शानदार रिट्रीट जैसा अनुभव देने का वादा करता है। ये विकास पैराडाइज ग्रुप के समय पर डिलीवरी और कई परियोजनाओं में अपने निवासियों के लिए जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के प्रति समर्पण को पुष्ट करते हैं। उत्कृष्टता और प्रतिबद्धता का एक प्रमाण प्रत्येक सफल कब्जे और आगामी ऐतिहासिक विकास के साथ, पैराडाइज ग्रुप एक प्रमुख रियल एस्टेट डेवलपर के रूप में अपनी प्रतिष्ठा को मजबूत करना जारी रखता है।

साई वर्ल्ड लीजेंड में भव्य उत्सव ग्राहक संतुष्टि, समय पर डिलीवरी और विश्व स्तरीय जीवन शैली के अनुभव बनाने के लिए समूह के अटूट समर्पण का प्रतिबिंब था। जैसे-जैसे नवी मुंबई का क्षितिज विकसित होता जा रहा है, पैराडाइज ग्रुप इस परिवर्तन में सबसे आगे बना हुआ है, जो न केवल घर प्रदान कर रहा है, बल्कि ऐसे सपने भी प्रदान कर रहा है जो शानदार जीवन शैली के सार को पुनर्परिभाषित करते हैं।

# सरकारी प्रतिष्ठान के खिलाफ आगे बढ़े ठाणेकर

## वन मंत्री गणेश नाईक के जनता दरबार में ठाणे मनपा, लोक निर्माण, वन, राजस्व आदि विभागों की 700 शिकायतें

**ठाणे.** सरकार लाडली बहना जैसी योजनाएं लाकर जमीनी स्तर पर आम लोगों को खुश करने की कोशिश कर रही है लेकिन वन मंत्री और ठाणे जिले के संपर्क मंत्री गणेश नाईक के जनता दरबार में यह खुलासा हुआ है कि ठाणे जिले के सरकारी अधिकारियों की नीति से ठाणेकर काफी हैरान हैं। इस समय पीड़ित नागरिकों ने प्रशासन के खिलाफ 700 से अधिक शिकायतें दर्ज की हैं और न्याय मांगा है।ठाणे जिले के नागरिकों की विभिन्न समस्याओं को समझने और लोगों से सीधे संवाद करने के लिए वन मंत्री गणेश नाईक की उपस्थिति में ठाणे शहर के खारकर अली रघुवंशी हॉल में ₹जनता दरबार₹ का आयोजन किया गया।पिछले कुछ दिनों से जनता दरबार में उत्सुकता थी।इससे राजनीतिक चर्चाएं भी रंग लाईं।इस जनता दरबार के आयोजन से चार-पांच दिन पहले प्रशासन के खिलाफ करीब 150 शिकायतें प्राप्त हुई थीं, आज जनता दरबार में 700 से ज्यादा शिकायतों की बारिश हो गयी।जनता दरबार में समस्या जानने के लिए फरियादियों को एक कूपन दिया था। इसलिए जनता दरबार में सभी ने गणेश नाईक के समक्ष अपनी शिकायतें रखीं।इस अवसर पर जनता दरबार में ठाणे मनपा,जिलाधिकारी, स्वास्थ्य, जिला परिषद, निर्माण, वन पुलिस आदि विभागों की शिकायतें सुनी गईं।इस अवसर पर विधायक संजय केलकर, निरंजन डावखरे, पूर्व सांसद संजीव नाईक,अतिरिक्त जिलाधिकारी मनीषा जायभाये-धुले, प्रांतीय अधिकारी उर्मीला पाटिल,जिला परिषद परियोजना निदेशक छायादेवी शिसोदे, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजिंक्य पवार, जिला योजना अधिकारी वैभव कुलकर्णी,सिविल सर्जन डॉ. कैलास पवार, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंगाधर परगे, कार्यकारी अभियंता सुनील पाटिल, संदीप चव्हाण, अधिकारी महेंद्र कुमार कोंडे, ठाणे मनपा उपायुक्त उमेश बिरारी, जिला उप रजिस्ट्रार डॉ. किशोर मांडे, जिला उद्योग केंद्र महाप्रबंधक सोनाली देवरे और विभिन्न सरकारी विभागों के अन्य अधिकारी भी उपस्थित हैं।




# 71 लाख बकाया कर की वसूली के लिए बिल्डिंग पर कार्रवाई

**भिवंडी.** नवनियुक्त आयुक्त अनमोल सागर मनपा तिजोरी को सुदृढ़ करने में जुटे हैं. आयुक्त ने मनपा अधिकारियों की बैठक में संपत्ति कर वसूली को लेकर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिया है. मनपा क्षेत्र में 71 लाख रुपये संपत्ति कर बकाया रखने वाले भवन का नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गयी है.मनपा प्रशासन की कार्रवाई से टैक्स बकायादारों में हडकंप मचा हुआ है.

वर्ष 2015 में फरीद बाग के चौथा निज़ामपुर नदीनाका क्षेत्र में संपत्ति संख्या 51, एक बेसमेंट प्लस 7 मंजिला इमारत पर 2 लाख 63 हजार रुपये का वार्षिक कर लगाया गया था. संपत्ति कर का भुगतान किए बिना इमारत का उपयोग 2015 से आज तक किया जा रहा था.मनपा वार्ड क्रमांक समिति 1 सहायक आयुक्त राजू वर्लिकर के संज्ञान में आने के बाद कर विभाग उपायुक्त बालकृष्ण क्षीरसागर के मार्गदर्शन में राजू वर्लिकर ने टीम के साथ बिल्डिंग पर कार्रवाई कर सभी नल कनेक्शन विखंडित कर बिजली की मोटरें जब्त कर ली गई हैं. काम में लापरवाही के लिए सहायक आयुक्त द्वारा भूमि लिपिक नरेंद्र जाधव और कर निरीक्षक रवींद्र वारघड़े को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है.

# एक ही समय में 40 से अधिक स्ट्रीट लाईट का उद्घाटन

- **शिवसेना के प्रयासों को मिली सफलता**

**कल्याण.** स्थानीय रहेजा - भारवानी काम्पलैक्स, लोक उद्यान, सांगले वाडी और शिरीष सोसायटी के सार्वजानिक रास्तों पर स्ट्रीट लाईट के अभाव में चोरी और छिनैती की घटनाओं में बढोत्तरी होने लगी थी। स्थानीय नागरिकों ने इस बारे में शिवसेना (उबाठा) के विधानसभा सह संगठक रूपेश चंद्रकात भोईर को शिकायत की और स्ट्रीट लाईट लगाने की मांग की। जन समस्या को ध्यान में रखकर रूपेश भोईर ने कल्याण-डोंबिवली मनपा के विद्युत विभाग को पत्र लिखकर स्ट्रीट लाईट लगाने का अनुरोध किया और साथ ही साथ समय-समय पर संबंधित अधिकारियों से मुलाकात कर चालिस से भी अधिक स्ट्रीट लाईट का काम करवाने में सफलता हासिल की । इन्हीं स्ट्रीट लाईट्स का उदघाटन सोमवार को स्थानीय वरिष्ठ नागरिकों के कर कमलों द्वारा शिवसेना के नेताओं की उपस्थिति में किया गया।



इस उद्घाटन कार्यक्रम में शिवसेना (उबाठा) के भिवंडी लोकसभा क्षेत्र के संपर्क प्रमुख साईनाथ तारे , उपनेता अल्ताफ भाई शेख, वाहतुक सेना के शहर अध्यक्ष निलेश भोर, एड. समृद्ध ताडमारे, महिला आघाडी की उप शहर संगठक सुनीता लेकावले, राजलक्ष्मी अंगारके, मंगला गोसावी, शाखा संगठक सुवर्णा पवार, विभाग संगठक अक्षया दलवी, विधानसभा संगठक मीनल काम्बले, उप शहर संगठक मयूरा परदेशी, रूपाली भोईर सहित स्थानीय नागरिक सुनील वालंज , युसुफ खान , सूरज कुईकर सहित बडी संख्या में अन्य नागरिक उपस्थित थे।

इस अवसर पर अपने विचार प्रकट करते हुए शिवसेना उपनेता अल्ताफ भाई शेख ने रूपेश भोईर के सामाजिक कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि शिवसेना के वाक्य अस्सी फीसदी समाजसेवा और बीस फीसदी राजनीति के तहत ही रूपेश भोईर कार्य कर रहे हैं । शिवसेना के भिवंडी लोकसभा संपर्क प्रमुख साईनाथ तारे ने अपने संबोधन में कहा कि स्थानीय स्वराज संस्थाओं के चुनाव ना होने की वजह से आम जनता रूपेश भोईर जैसे कर्मठ शिवसैनिक के पास अपनी समस्याओं को रखती है और रूपेश भी उन समस्याओं का समाधान करता है। तारे ने रूपेश भोईर को भविष्य में बडा पद देने के संकेत भी दिए। स्थानीय महिलाओं ने भी रूपेश भोईर के कार्यों की जमकर तारीफ की।

### कांस्टेबल पर हमला करने के आरोप में परिवार के 3 गिरफ्तार

**मुंबई.** फुटपाथ पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान मरीन लाइन्स में एक कांस्टेबल पर हमला करने के आरोप में एक परिवार के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। घटना चंदनवाड़ी इलाके में हुई। एलटी मार्ग पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने सोमवार को बताया कि ₹सोनू विजय मनोडिया, विजय वल्लभ मनोडिया और सनी वल्लभ मनोडिया ने कांस्टेबल विजय मारुति भिंगरदिवे के साथ दुर्व्यवहार किया और मारपीट की। कांस्टेबल चंदनवाड़ी और मरीन लाइन्स में बीएमसी स्कूल के पास फुटपाथ पर रहने वालों के खिलाफ बेदखली अभियान चलाने वाले एक विशेष दस्ते का हिस्सा था।

# 68 अनधिकृत स्कूलों के खिलाफ FIR दर्ज

- **ठाणे मनपा ने 81 स्कूलों के खिलाफ मामला दर्ज कराया**
- **शेष 13 स्कूलों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया**

**ठाणे.** मनपा क्षेत्र के अंतर्गत चल रहे कुल 81 अनधिकृत स्कूल है।जिसमें 19708 छात्र शिक्षा ग्रहण करते हैं।मनपा शिक्षण विभाग ने इन 81 अनधिकृत स्कूलों के खिलाफ में पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराई है।पुलिस ने 68 स्कूलों के खिलाफ में एफआईआर दर्ज कर लिया है और बाकी 13 स्कूलों खिलाफ में एफआईआर दर्ज करने के लिए प्रक्रिया जारी रखा है।वहीं मनपा अनधिकृत स्कूलों के छात्रों को अधिकृत स्कूलों में करवाने के लिए प्रयास कर रही है ताकि उनका शैक्षणिक नुकसान नहीं हो।ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव ने हाल ही में स्कूलों की स्थिति की समीक्षा किया था कि यह स्कूल पंजीकृत है या नहीं।शहर में तमाम स्कूल अनधिकृत निर्माण कार्य में चल रहा है।मनपा उपायुक्त (शिक्षा) सचिन सांगले ने बताया कि कुछ अनधिकृत स्कूल आवासीय भवनों में किराए पर हैं।साथ ही शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत इन अनधिकृत स्कूलों पर 52 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है।अनधिकृत स्कूलों में सबसे अधिक स्कूल दिवा प्रभाग समिति क्षेत्र में हैं।अब तक 32 स्कूलों के कनेक्शन कट कर दिया गया है। तदनुसार, दिवा वार्ड समिति ने इन अनधिकृत स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। अब तक 32 अनाधिकृत विद्यालयों का कनेक्शन काट दिया गया है।81 में से 5 स्कूलों ने आवश्यक दस्तावेज पूरा करने के लिए प्रस्ताव दिया है बाकी 76 स्कूलों की ओर से कोई प्रस्ताव नही आया है।मनपा आयुक्त सौरभ राव ने निर्देश दिया है कि एक मौका दिया जाय।वहीं छात्रों को नजदीकी सरकारी स्कूलों में समायोजित करने पर भी विचार किया जा रहा है ताकि उन्हें परेशानी न हो।

## बेलिफ फाउंडेशन ने किया हल्दी कुमकुम का आयोजन

# संस्कृति को आगे बढ़ाना फाउंडेशन का लक्ष्य -जयनारायण तिवारी

- **कार्यक्रम में शामिल हुईं दो हजार से अधिक महिलाएं**

▸▸उल्हास विकास संवाददाता

**मुंबई.** अंधेरी पूर्व के मरोल पाइप लाइन स्थित बेलीफ फाउंडेशन द्वारा भव्य हल्दी कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में करीब दो हजार से अधिक महिलाएं शामिल हुई जिन्हे फाउंडेशन की तरफ से उपहार दिया गया। फाउंडेशन के संस्थापक जयनारायण तिवारी और अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने कहा कि फाउंडेशन की तरफ से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, हमारा उद्देश्य समाज में एकता बनाए रखना और कार्यक्रम के माध्यम से अपनी संस्कृति को आगे बढ़ाना और महिलाओ को सशक्त बनाना है।



हल्दी कुमकुम कार्यक्रम में शामिल हुईं महिलाओं को तिवारी ने आश्वासन दिया और कहा कि बेलीफ फाउंडेशन हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा उनकी प्रेरणादायक उपस्थिति और स्नेहपूर्ण शब्दों ने कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया। कार्यक्रम में कई सम्मानित हस्तियाँ भी शामिल हुईं, जिन्होंने अपने समर्थन और आशीर्वाद से इस आयोजन को गौरवपूर्ण बनाया। इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए आपसी स्नेह और सौहार्द को मजबूत किया। इस मौके पर दीपक जायसवाल ने कहा की कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल परंपराओं का सम्मान करना था, बल्कि महिलाओं को एकजुट करना और उन्हें यह विश्वास दिलाना था कि समाज उनके साथ है। बेलीफ फाउंडेशन का यह प्रयास सामाजिक समरसता और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। इस अवसर पर सुश्री प्रियंका तिवारी, एडवोकेट प्रीति पांडे, सुश्री उषा पांडे, सुश्री प्रिया पांडे, एडवोकेट प्रेमलता जैन, सुश्री चार्मिना केयोनिया, सुश्री रिया सिंह, सुश्री विजयलक्ष्मी और सुश्री हैरिनी भंजन (एचआर)शामिल थीं।



### ठाणे में दिव्यांग बेटी की बिगड़ी तबीयत तो मां ने की हत्या

**ठाणे.** ठाणे से ममता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहां एक मां ने अपनी ही दिव्यांग बेटी को दो अन्य महिलाओं की मदद से मार डाला। वहीं, उसकी लाश को भी ठिकाने लगा दिया। हालांकि, सीसीटीवी फुटेज के कारण हत्या की पोल खुल गई।

17 साल की दिव्यांग लड़की की कथित तौर पर दवा देकर हत्या करने के मामले में कार्रवाई करते हुए नौपाड़ा पुलिस ने उसकी मां और नानी सहित तीन महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपियों की पहचान स्नेहल पवार (39) और सुरेखा महागड़े (60) के साथ एक अज्ञात महिला के रूप में हुई है। सभी ठाणे की निवासी हैं।

घटना 20 फरवरी को शिवाजी पथ इलाके में हुई। पुलिस के अनुसार, मृतका जन्म से ही दिव्यांग थी और बोलने व चलने में असमर्थ थी। 15 फरवरी को वो बीमार पड़ गई और उसकी तबीयत बिगड़ गई।

#### शव को ठिकाने लगाने के लिए कार में रखा

ऐसे में 19 फरवरी को उसकी हालत से परेशान होकर उसकी मां ने कथित तौर पर उसे एक दवा दी जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद 20 फरवरी को रात करीब 1:30 बजे पवार, महागड़े और अज्ञात महिला ने लड़की के शव को ले जाकर उसे ठिकाने लगाने के इरादे से कार में रख दिया।


## आम सूचना

मैं श्री आशिष अभंगराव पवार सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, कमला नेहरू नगर, धोबी घाट, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 03एओ014112500) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती विमलबाई लक्ष्मण जाधव के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 24.2.2025 सी.नं. 855/2025 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री आशिष अभंगराव पवार**

## आम सूचना

मैं श्रीमती केसरबाई लक्ष्मण मोरे सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, आकाश कालोनी, चाल नं. 11, रुम नं. 17, उल्हासनगर- 5. (टैक्स नं. 55डीओ019584400) उक्त प्रॉपर्टी श्री राजू सिताराम शर्मा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 24.2.2025 सी.नं. 852/2025 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती केसरबाई लक्ष्मण मोरे**

## आम सूचना

मैं श्री परेश नरेश चानपुर सभी को सूचित कर रहा हूं कि बैरक नं. 1405, रुम नं. 6, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 41सीआय009321700) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती विनिता नरेंद्र बेलितकर व श्रीमती गौरी अभिजीत कंट्रोलू के नाम पर है। उनसे रिलीज डीड दि. 23.2.2025 द्वारा प्राप्त की है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री परेश नरेश चानपुर**

## आम सूचना

मैं श्री श्याम दत्तात्रय लिपनकर सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, रेलवे स्टेशन के पास, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 40सीओ009041300) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती सुमन दत्तात्रय लिपनकर, श्री महेंद्र दत्तात्रय, श्री राम दत्तात्रय लिपनकर व श्री अमोल दत्तात्रय लिपनकर के नाम पर है। उनसे रिलीज डीड दि. 23.2.2025 द्वारा प्राप्त की है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री श्याम दत्तात्रय लिपनकर**

## आम सूचना

मैं श्रीमती गंगाम्मा नल्लूलू सभी को सूचित कर रही हूं कि ब्लॉक नं. ए-270 के पास, कुर्ला कैंप, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 50डीआय019754000) उक्त प्रॉपर्टी श्री प्रदीप हरिकिशन पलकल के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 21.2.2014 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती गंगाम्मा नल्लूलूम**

## आम सूचना

मैं श्री सुनील रघु कदम सभी को सूचित कर रहा हूं कि अंबिका नगर, टैगोर हाउसिंग सोसायटी के पीछे, स्टेशन रोड, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 40सीओ008897500) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती स्टेला अगस्टीन फर्नाडीस के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 4.3.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री सुनील रघु कदम**


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099